-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 06.10.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **शासन द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति- 5.O अभियान के क्रम में चलाया गया विशेष जागरुकता अभियान। मिशन शक्ति टीम द्वारा दुर्गा पंडालों, मन्दिरों, बाजारों में गाँवों में जाकर बालिकाओं/महिलाओं को किया गया जागरुक।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे **मिशन शक्ति- 5.O अभियान** के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद बांदा में सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में आज दिनांक 06.10.2024 को **थाना कोतवाली देहात की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम डाडिन पुरवा** में महिलाओं एवं बालिकाओं को एकत्रित कर जागरुक किया गया वहीं **थाना मटौंध की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मोहनपुरवा पंचायत भवन** में बालिकाओं एवं महिलाओं को एकत्रित कर जागरुक किया गया। **थाना जसपुरा की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम झंझरीपुरवा** तो **थाना अतर्रा की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम मुरलिया पुरवा** में जागरुकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही है। बालिकाओं/महिलाओं को मुख्यमंत्री हेल्पालाइन-1076, वीमेन हेल्पलाइन-1090, चाइल्ड केयर हेल्पलाइन, आपाताकालीन पुलिस सेवा- डायल यूपी 112 जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बालिकाओं को महिला अपराधों के साथ-साथ मुख्य रुप से साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान में साइबर अपराध के मामले काफी तेजी से बढ़ रहे हैं ऐसे में इन अपराधों के तरीकों के बारे में जागरुकता एवं बचाव सबसे महत्वपूर्ण है। बालिकाओं को बताया गया कि सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें साथ ही किसी अनजान वीडियो कॉल के न रिसीव करें। सोशल मीडिया एकाउंट्स पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य ऑन रखें। साथ ही बालिकाओं को उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई।